हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 01 दिसम्बर 2014, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण

www.livehindustan.com

सफलता के लिए जरूरी है पंचमंत्र

इंस्पायर इंटर्नशिप

बरेली। श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंस्पायर इंटर्नशिप कार्यक्रम के चौथे दिन स्टूडेंट को विशेषज्ञों ने कई जानकारियां दी।

रविवार को हुए कार्यक्रम में प्रमुख वक्त के रूप में आए जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी से आए डा. सैयद अहमद ने स्टूडेंट को प्राकृतिक दवाओं से अवगत कराया। उन्होंने प्राचीन काल से चलती आ रही देसी दवाइयों के बारे में चर्चा की। डिस्प्रिन, एस्प्रिन व दर्द निवारक दवाइयों के प्रभाव व दुष्प्रभाव से अवगत कराया। प्रो. लक्ष्मीकान्त शर्मा ने छात्रों को सफलता पंचमंत्र के बारे में बताया। कहा कि कल्पना, रचनात्मकता, ज्ञान, योग्यता और एक्शन सफलता के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न प्रयोगो द्वारा छात्रों को विज्ञान के मूलभूत आयामों से अवगत कराया। उन्होंने अन्धविश्वास की अवधारणा को विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों द्वारा गलत सिद्ध किया।

इंस्पायर कैंप के सभी छात्र एवं छात्राओं को महाविद्यालय की भौतिकी, रसायन, कम्प्यूटर एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन की विभिन्न प्रयोगशालाओं में सामूहिक प्रयोग कराये गये। ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन एकेडिमिक्स प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डा. एम मुस्तकीम, रशिा अग्रवाल मौजूद थे। संचालन मलीहा खान ने किया।